आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

05.06.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में विश्व पर्यावरण दिवस भव्य तरीके से मनाया गया । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक सुनीत शर्मा ने आवासीय परिसर स्थित शॉपिंग कम्पलेक्स मे पर्यावरण जागरुकता प्रभात फेरी कार्यक्रम को झंडा दिखाकर रवाना किया।

इसके पश्चात महाप्रबंधक श्री शर्मा ने आरेडिका के आवासीय एवं कारखाना परिसर में आयोजित वृक्षारोपन कार्यक्रम में पौधे लगाये । इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि पर्यावरण के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को जागरुक रहना चाहिए एवं पर्यावरण को स्वच्छ व प्रदूषणमुक्त रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करने चाहिए। इस अवसर पर आरेडिका में 500 विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाये गए।

इससे पहले विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरेडिका के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार को पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिनांक 31.05.2019 को आरेडिाक मे स्थित केन्द्रीय विद्यालय में बच्चों के लिए चित्रकला, व तकनीकि प्रशिक्षण केन्द्र में कर्मचारियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें कर्मचारियों एवं बच्चों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में बेहत्तर बनाये गए चित्रों को शॉपिंग कम्पेक्स में प्रर्दशित भी किया गया।

इन आयोजनों का उद्देश्य आरेडिका परिसर को हरा–भरा करने एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने संबंधी उपायों एवं उसके कियान्वन की रूप–रेखा तैयार करना, और आरेडिका परिसर को स्मार्ट टाऊनशिप व स्मार्ट फैक्टी के रूप में विकसित करना है, साथ–ही–साथ आरेडिका एवं उसके आसपास के लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना ह

इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आलोक कुमार, पीसीएमएम श्रीकांत राय, पीएफए आर. के. मनोचा सहित सभी अधिकारी, पर्यवेक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

(आर. पी. शर्मा)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी